आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उप राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया सैनिक स्कूल का उद्‌घाटन, कहा–शिक्षा के माध्यम से आता है परिवर्तन
- चित्रकूट पहुंच कर उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता की, भारत की ऋषी परम्परा को बताया दुनिया में सबसे शक्तिशाली
- लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर इलाके में तीन मंजिला इमारत गिरने से आठ लोगों की मौत, अट्ठाइस घायल, राहत एवं बचाव कार्य जारी
- हाथरस सड़क हादसे के पीड़ितों को दी गयी सहायता राशि, आगरा जिले में सभी 17 मृतकों का किया गया अंतिम संस्कार

**********

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय प्रदेश दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर और चित्रकूट जिलों में अलग अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

गोरखपुर में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का शुभारंभ करने के बाद उन्होंने वहां आयोजित एक समारोह को संबोधित किया। उप राष्ट्र पति ने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है जो परिवर्तन लाती है तथा समाज की बुराइयों और कुरीतियों को मिटाती है। उन्हें गोरखपुर सैनिक स्कूल आकर बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि वे स्वयं सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के पूर्व छात्र हैं।

नवनिर्मित स्कूल के बुनियादी ढांचे की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैनिक स्कूल सर्वोत्तम सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में से एक है, जो देश के अन्य सैनिक स्कूलों और सैन्य स्कूलों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

***पूर्वांचल कितना महत्वपूर्ण अंग है उत्तर प्रदेश का और यहां की प्रथम सैनिक स्कूल और ऐसी सैनिक स्कूल जिसका ढांचा अद्‌भुत है मैं सैनिक स्कूल में पला–बढा हूं। मैंने अनेक स्कूलों में जाकर, मिलिट्री स्कूल में जाकर ढांचा देखा है आपने जो करिश्मा यहां किया है वह भविष्य की पीढ़ी का निर्माण का एक रास्ता है जो पूरे देश को दिखाएगा।***

उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे असफलता से न घबराएं, क्योंकि यही सफलता की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि आज का भारत एक बदला हुआ देश है और सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर को खत्म करने जैसे कई साहसिक फैसले लिए हैं।

राज्य सरकार की प्रशंसा करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि गोरखपुर नेपाल, पश्चिमी बिहार और पूर्वांचल क्षेत्र में रहने वाली लगभग तीन करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र है।

***गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर बिहार और नेपाल की तीन करोड़ से अधिक की आबादी का शिक्षा का, स्वास्थ्य का, व्यापार का और रोजगार का प्रमुख भी गोरखपुर है। गोरखपुर आज नये भारत के विकास की यात्रा में आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और मागदर्शन में अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक परम्परा को क्षुण्य बनाये रखते हुए विकास की एक नई गति को आगे बढ़ा रहा है।***

गोरखपुर सैनिक स्कूल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है और यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला सैनिक स्कूल और उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सोसाइटी द्वारा संचालित दूसरा सैनिक स्कूल है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट

***गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में 176 करोड़ रुपये की लागत से 49 एकड़ क्षेत्रफल में बना ये सैनिक स्कूल, पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला और उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सोसाइटी की तरफ से संचालित दूसरा सैनिक स्कूल है। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेने के बाद इस सैनिक स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। प्रथम चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84–84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें कुल मिलाकर 40 छात्राएं और 128 छात्र हैं। यहां छात्र–छात्राओं के लिए अलग–अलग कैंपस हैं। यहां 20 क्लासरूम, 4 लैब्स, छात्रावास, डायनिंग हाल, मल्टीपर्पज हाल, कांफ्रेंस हाल, 1014 सीटेड ऑडिटोरियम, योग सेंटर, इंडोर शूटिंग रेंज, इंडोर स्विमिंग पूल और सीएसडी कैंटीन की सुविधा है।***

समारोह के बाद उप राष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ शहर के गोरखधाम मंदिर भी गए और वहां दर्शन पूजन किया। इसके बाद उप राष्ट्रपति चित्रकूट जिले में पहुंचे। वहां उन्होंने जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की।

अपने संबोधन में उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऋषि परंपरा के कारण ही भारत को पूरे विश्व में शक्तिशाली माना जाता रहा है।

***हमारे ओजस्वी प्रधानमंत्री जी ने जब विश्व कूटनीति को दो सिद्धांत दिए, उन सिद्धांतों के मूल में ऋषि परंपरा है। पहला, भारत ने कभी विस्तारवाद में विश्वास नहीं किया। किसी अन्य की जमीन को नहीं देखाय और दूसरा, परिस्थिति चाहे जैसी हो लेकिन किसी भी संकट या अंतर्राष्ट्रीय कलह का समाधान युद्ध नहीं हो सकता।***

उप राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश के पास भारत जैसी सांस्कृतिक विरासत नहीं है।

**********

मेरठ मेट्रो के आधुनिक इंटीरियर और यात्री सुविधाओं का कल  गाजियाबाद के दुहाई स्थित आरआरटीएस डिपो पर अनावरण किया गया।  राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम– एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने बताया कि मेरठ में तेरह स्टेशनों के बीच तीन कोच की मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस मेट्रो की अधिकतम परिचालन गति एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है।

**********

लखनऊ  के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के लिए सीधी उड़ान तेरह सितंबर से शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ से कुअलालंपुर के लिए यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रात दस बजे उड़ान भरेगी। कुआलालंपुर से लखनऊ के लिए उड़ान रविवार, मंगलवार और गुरुवार को होगी जो रात नौ  बजकर पच्चीस मिनट पर चौधरी चरण सिंह एयर पोर्ट पहुंचेगी।

**********

लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में कल शाम तीन मंजिला इमारत गिरने की घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 28 लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद शुरु में पांच शव बरामद किए गए थे, जबकि रात में बचाव अभियान के दौरान मलबे से तीन और शव बरामद किए गए। पुलिस और प्रशासन के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य कर रही हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद जिलाधिकारी समेत कई उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गये। स्थानीय विधायक और लखनऊ के मेयर ने भी घटना स्थल का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया।  रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने बचाव अभियान के बारे में कल जिलाधिकारी से बात भी की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी स्थिति पर नजर रख रहे हैं और अधिकारियों से घायलों की हर संभव मदद करने को कहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को युद्ध स्तर पर संचालित करने तथा घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये गये हैं।

**********

हाथरस जिले में शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना के मृतकों को चार चार लाख रुपये और घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। हादसे में मारे गये आगरा जिले के सभी सत्रह लोगों का कल अंतिम संस्कार कर दिया गया। केंद्र  सरकार में राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और क्षेत्रीय विधायक धर्मपाल सिंह भी इस मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने  मृतकों के परिजनों को केंद्र सरकार की ओर से दो दो लाख और  मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो दो  लाख के चेक दिये। साथ ही घायलों को पचास पचास हजार रुपए के चैक किए प्रदान किये। हाथरस के राष्ट्रीय राजमार्ग तिरानबे पर मीतई गांव के पास शुक्रवार की देर शाम रोडवेज बस और चार पहिया वाहन की टक्कर में चार बच्चों सहित सत्रह लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये।

**********

देशभर में दस दिनों का गणेश चतुर्थी उत्सव हर्षो उल्लास के साथ कल से शुरू हो गया। इसी क्रम में वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में विधि–विधान से गणेश चतुर्थी का पूजन संपन्न हुआ। गणेश उत्सव पूरी आस्था के साथ 17 सितंबर तक मनाया जाएगा।

**********

पहली सितम्बर से शुरू हुए राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें चरण के अंतर्गत देश में लगभग एक करोड सैंतीस लाख कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। पोषण माह इस महीने की तीस तारीख तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में पोषण संबंधी जनजागरूकता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मऊ जिले में पोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत थीम के अनुसार जिले के दो हजार पांच सौ सतासी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वहां के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पोषण माह के प्रमुख मुद्दे एनीमिया नियंत्रण, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, एक पेड़ मां के नाम तथा बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी है।

**********